प्रेस नोट
दिनांक 01.11.2024
यातायात माह नवम्बर 2024

पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात बूथ गुरुनानक चौक पर हरी झण्डी दिखाकर सड़क सुरक्षा यातायात माह का किया गया शुभारम्भ-

आज दिनांक 01.11.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर श्री सौरभ वर्मा द्वारा "सड़क सुरक्षा माह" के तहत पुलिस यातायात बूथ गुरुनानक चौक पर हरी झण्डी दिखाकर सड़क सुरक्षा यातायात माह नवंबर 2024 का शुभारम्भ किया गया तथा उपस्थित आम जनमानस व वाहन चालको को संबोधित करते हुए यातायात नियमों के पालन करने/कराने का संदेश दिया गया। दो पहिया वाहनों पर हेलमेट प्रयोग करने, दो ही सवारी बैठ कर चलने, चार पहिया वाहनों पर सीट बेल्ट लगाकर चलने, हमेशा ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन संबधी प्रपत्रों को साथ रखने, यातायात के नियमों का पालन करने, एम्बुलेंस एवं अग्निशमन वाहन को पास दिए जाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाईल फोन पर बात न करने, तेज गति से वाहन न चलाने, गलत साइड से ओवरटेकिंग न करने, सड़क पर दुर्घटना होने पर घायल व्यक्तियों की मदद करे तथा 112 नम्बर पर इसकी सूचना दे। वाहन की नियमित जाँच तथा सर्विस कराने व पर्यावरण को प्रदूषित न करने इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।

मीडिया सेल गोण्डा।

<u>प्रेस नोट</u>
<u>दिनांक 01.11.2024</u>

<u>पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा द्वारा त्योहारों के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र के संवेदनशील क्षेत्रो में पैदल गश्त कर शुक्रवार की नमाज को सकुशल संपन्न कराया गया, संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए-</u>

गोण्डा। आज दिनांक 01.11.2024 को "जुमा की नमाज" के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा पुलिस बल के साथ शहर क्षेत्र में पैदल गस्त किया गया। गस्त के दौरान ड्यूटी पर लगे जवानों के पास मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों को चेक किया गया तथा चिन्हित हॉटस्पॉट वाले क्षेत्रों व मस्जिदों में शांतिव्यवस्था ड्यूटी में लगे जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। महोदय द्वारा शहर क्षेत्र के मौलवी, धर्मगुरूओं से संवाद स्थापित कर जुमा की नमाज को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया गया। स्थानीय अभिसूचना इकाई एवं अन्य अभिसूचना तंत्रों के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले विभिन्न असामाजिक, अवांछनीय एवं साम्प्रदायिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी गयी। पुलिस सोशल मीडिया सेल द्वारा भी लगातार सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो, ट्विटर, फेसबुक व व्हाट्सएप ग्रुपों सहित अन्य सोशल मीडिया के प्लेटफार्मो पर निरंतर निगरानी की गयी।

<u>मीडिया सेल, गोण्डा।</u>

प्रेस नोट

दिनांक 01.11.2024, थाना कोतवाली नगर,

जनपद गोण्डा।

थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोपी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल बरामदः-

कार्यवाहीः-

श्रीमान पुलिस अधीक्षक श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री सौरभ वर्मा के नेतृत्व में गठित थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0- 802/24 धारा 303(2), 317(2) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित प्रकाश में आये आरोपी अभियुक्त- 01. अमित यादव पुत्र सम्मयदीन यादव निवासी मझवा दुल्लापुर तरहर थाना कोतवाली देहात, जनपद गोण्डा को न्यू आवास विकास कालोनी पानी की टंकी के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल बरामद किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

वादी श्री रमेश कुमार मिश्रा पुत्र रामचन्दर मिश्रा निवासी ग्राम अवधपुरवा पिपरा पदुम थाना कोतवाली देहात जनपद गोण्डा द्वारा थाना कोतवाली नगर पर सूचना दिये कि दिनांक 19.10.2024 को अपने मोटरसाइकिल से जिला अस्पताल गोण्डा में अपने हिस्तेदार के मरीज को देखने आया था वही अपनी मोटरसाइकिल खड़ा करके अन्दर हाल में चला गया । घर वापस जाने के लिए मोटरसाइकिल के पास आये तो देखा की अज्ञात चोरो द्वारा मोटरसाइकिल चोरी कर लिया गया है, तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर में मु0अ0सं0- 802/24, धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी व चोरी गई मोटरसाइकिल बरामदगी हेतु टीमों का गठन किया गया। आज दिनांक 01.11.2024 को थाना को0नगर पुलिस टीम द्वारा प्रकाश में आये आरोपी अभियुक्त- 01. 01. अमित यादव पुत्र सम्मयदीन यादव निवासी मझवा दुल्लापुर तरहर थाना कोतवाली देहात, जनपद गोण्डा को न्यू आवास विकास कालोनी पानी की टंकी के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त-

01. अमित यादव पुत्र सम्मयदीन यादव निवासी मझवा दुल्लापुर तरहर थाना कोतवाली देहात, जनपद गोण्डा।

अनावरित अभियोग

01. मु0अ0सं0- 802/2024, धारा 303(2), 317(2) बी0एन0एस0, थाना कोतवाली नगर, जनपद- गोण्डा

बरामदगी-

01. चोरी का 01 अदद मोटरसाइकिल UP43M0204 बरामद

गिरफ्तार कर्ता टीम-

01. उ0नि0 विकास गुप्ता
02. का0 विपिन कुमार

मीडिया सेल, गोण्डा।